Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
□ वर्ष- 28 □ अंक- 225 □ रायपुर, सोमवार 8 सितम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## डीजीजीआई ने मोक्षित कॉरपोरेशन और 85 संबद्ध फर्मों पर 162.22 करोड़ के जीएसटी फर्जीवाड़े का किया खुलासा, 28.46 करोड़ का नोटिस

**रायपुर,** 8 सितम्बर (हाईवे चैनल)। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस, रायपुर जोनल यूनिट ने मेसर्स मोक्षित कारपोरेशन और उससे जुड़ी 85 फर्मों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 162.22 करोड़ रुपये के कर योग्य मूल्य पर 28.46 करोड़ रुपये के अनुचित इनपुट टैक्स क्रेडिट का नोटिस जारी किया है.

फरवरी 2024 से शुरू हुई जांच में पता चला कि मोक्षित कारपोरेशन ने फर्जी इनवॉइस के जरिए बड़े पैमाने पर त्रस्ज्ञ अपवंचन किया. जांच के दौरान विभागीय टीमों ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कई फर्मों के ठिकानों पर तलाशी और निरीक्षण किया. इस दौरान खुलासा हुआ कि फर्म के पार्टनर शशांक चोपड़ा ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर दर्जनों




फर्जी फर्में स्थापित की थीं, जिनके जरिए अनुचित ढ्ढञ्जष्ट का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियां संचालित की गईं. इन गतिविधियों के लिए 200 से अधिक बैंक खातों का उपयोग किया गया. जांच के बाद मोक्षित कारपोरेशन पर 28.46 करोड़ रुपये की कर मांग की गई है, साथ ही संबद्ध 85 फर्मों को दंड नोटिस जारी किए गए हैं. यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर चल रहे त्रस्ज्ञ फर्जीवाड़े को उजागर करने और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. गौरतलब है कि डीजीजीआई ने फरवरी 2024 में जांच शुरू की थी, जिसके बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने भी शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया. प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ), रायपुर ने भी इस मामले में कार्रवाई की है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में बड़ा खेल मोदी ने लिया सबसे बड़ा रिस्क

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। 24 घंटे बाद दिल्ली में मोदी का असली नंबर गेम देखने को मिलेगा। कल ये पता चलेगा कि मोदी 400 से कितना आगे पहुंचते हैं या फिर ये पता चलेगा कि मोदी में अब भी कितना दम है और राहुल गांधी का चैलेंज कितना कम है। कल दिल्ली में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए वोटिंग होगी और नरेंद्र मोदी कल दिनभर चुनाव की तैयारी करते रहे और राहुल गांधी दिखे ही नहीं। उपराष्ट्रपति चुनाव का रिजल्ट किस ओर करवट बैठेगा ये तो सबको पता है। इंतजार तो इस बात का है कि मोदी विरोधी खेमे के कितने नंबर टूटते हैं और कितने सांसद अंतरआत्मा की आवाज सुनते हैं। अब कल के बाद बिहार चुनाव की असली तैयारी भी शुरू होगी।

पिछले दो दशकों में उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत का मार्जिन लगातार बढ़ा है। वर्ष 2002 में भैरों सिंह शेखावत ने 149 वोट से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2022 में धनखड़ ने विपक्ष की मार्गरेट अल्वा को 346 वोट से हराया था। केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर्ड) बी. सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। खास बात यह है कि इस बार एनडीए ने तमिल प्रत्याशी देकर इंडिया गठबंधन के दल डीएमके सामने धर्मसंकट पैदा करने की कोशिश की तो इंडिया ने तेलुगु प्रत्याशी देकर एनडीए के घटक दल दोनों



कल होगा मतदान

दलों ने कहा है कि वे अपने अपने गठनबंधन को वोट देंगे। दिल्ली में भाजपा सांसदों की वर्कशॉप शुरू हुई। भाजपा सांसदों को उपराष्टपति पद के लिए वोटिंग की जानकारी दी जाएगी। दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन भी अपने सांसदों को मतदान प्रक्रिया समझाने के लिए सोमवार को मॉक पोल करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहयोगी दलों को डिनर देने की खबर आई थी। लेकिन शाम होते होते पता चला कि एनडीए के बाद अब इंडिया गठबंधन ने भी अपने सांसदों के लिए डिनर का आयोजन रद्द कर दिया है।

### ब्रेकिंग न्यूज

### मोदी कल बाढ़ग्रस्त का हवाई सर्वेक्षण करने पंजाब-हिमाचल जाएंगे



**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को पंजाब का दौरा करेंगे और हवाई सर्वेक्षण के ज़रिए राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लेंगे। वह पड़ोसी पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश का भी दौरा करेंगे। इस बीच, पंजाब सरकार ने राज्य में आई बाढ़ से 13,289 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूत्रों ने बताया कि मोदी सीमावर्ती ज़िलों सहित बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया गया है और राज्य सरकार के साथ साझा कर दिया गया है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री पंजाब में बाढ़ की स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं और इस पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह स्थानीय परिस्थितियों का व्यक्तिगत रूप से आकलन करने और ज़मीनी हकीकत को समझने के लिए 9 सितंबर को पंजाब का दौरा कर रहे हैं ताकि राज्य के लोगों को अधिकतम सहायता प्रदान की जा सके। जाखड़ ने आगे बताया कि बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए पंजाब का दौरा करने वाली केंद्र सरकार की दो टीमें अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपने वाली हैं।

## केमिकल टैंकर ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर हुई मौत, ड्राइवर गिरफ्तार

**दुर्ग,** 8 सितम्बर (हाईवे चैनल)। आज केमिकल से भरे टैंकर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. युवक का सिर टैंकर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान गौतम नगर खुर्सीपार निवासी जितेंद्र यादव के रूप में हुई है. वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.



जानकारी के मुताबिक, युवक जितेंद्र आज सुबह अपने दोस्त बाइक से होकर खुर्सीपार से छावनी की ओर आ रही थे. इसी दौरान शंकर नगर के पास केमिकल से भरे टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी. इसके बाद बाइक सवार जितेंद्र का सिर टैंकर के चक्के के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं जितेंद्र का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने टैंकर ड्राइवर को पकड़कर छावनी पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### 14 मंत्रियों के साथ कल होगी साय कैबिनेट की पहली बैठक

**रायपुर,** 8 सितम्बर (हाईवे चैनल)। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने आगामी कैबिनेट मीटिंग समेत कई मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा है. बैज ने कहा कि सरकार 2 सालों से सो रही है. अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ. किसानों के लिए ष्ठ्रक्क-यूरिया तो मिला नहीं, युवाओं के लिए रोजगार भी नहीं मिला. कर्मचारी सड़कों पर हैं. स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बदहाल है. क्या इन सब विषय पर बात होगी. ? बैज ने कहा कि ये सब कैबिनेट मीटिंग में बैठकर केवल चाय और बिस्किट खाते हैं.

## गोवा सरकार ने बढ़ाया मदद का हाथ, बस्तर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दिए 5 करोड़

**रायपुर,** 8 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बस्तर के कई इलाकों में बाढ़ के हालात हैं. भारी बारिश की वजह से जन-जीवन अस्त व्यस्त है. इस परिस्थिति में मध्यप्रदेश के बाद गोवा सरकार ने भी मदद का हाथ बढ़ाया है. बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों की मदद के लिए 5 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराई गई है. इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत का आभार जताया है.



सीएम साय ने जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपके इस सौजन्य के लिए हृदय से धन्यवाद। इस सहयोग से प्रभावित परिवारों को राहत और पुनर्वास में मदद होगी। साथ ही मदद का अहम कदम यह भी दर्शाता है कि हमारा देश एकजुट होकर हर संकट का सामना कर सकता है. आपदा की घडी में यह सहयोग निश्चित ही बस्तर संभाग के प्रभावित जनों को संबल प्रदान करेगा.

### बिरादरी की बातें



**चूहा- सुनती हो, दीपक बैज कह रहे हैं कैबिनेट की बैठक में केवल चाय बिस्किट खाते हैं।**


**चुहिया- हां जी, दीपक बैज को कांग्रेस के समय का अनुभव है..!**

### बीजापुर में नक्सलियों की साजिश नाकाम

**बीजापुर,** 8 सितम्बर (हाईवे चैनल)। उसुर क्षेत्र के मुझेपर्ती जंगल में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया। तलाशी अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए। इसमें लेथ मशीन, जनरेटर, वाटर पंप, इलेक्ट्रिक कटर और दवाइयाँ भी शामिल थीं। पुलिस का कहना है कि नक्सली किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। समय रहते कार्रवाई से उनकी योजना विफल हो गई। बरामद सामग्री को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान नक्सल नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। लगातार ऐसे सर्च ऑपरेशन जारी रहेंगे।

## राजधानी में आज निकलेगी गणेश विर्सजन झांकियां 1800 जवान रहेंगे तैनात, डीजे-पटाखों पर सख्ती

**रायपुर,** 8 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में आज रात गणेश विसर्जन झांकियां परंपरागत मार्ग से निकाली जाएगी. पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को छह सेक्टरों में बांट दिया है, जहां करीब 1800 जवान और अधिकारी तैनात रहेंगे. विसर्जन झांकी में पटाखों का इस्तेमाल भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. वहीं भीड़भाड़ वाले मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों के साथ-साथ ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी, जिसकी पुलिस विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है. विसर्जन के दौरान भारी वाहनों को शहर की सीमा के बाहर रोका जाएगा. झांकियां शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, कोतवाली चौक, सदरबाजार, कंकालीपारा और पुरानी बस्ती से गुजरते हुए लाखेनगर होकर रायपुरा महादेव घाट तक जाएंगी.



श्रद्धालु इस पूरे मार्ग पर पैदल ही पहुंच पाएंगे. उनके लिए अलग अलग जगह पार्किंग स्थल तय किए गए हैं. महादेव घाट में प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद झांकियों में शामिल वाहन अमलेश्वर या भाठागांव होकर लौटेंगे. अगले दिन यानी 9 सितंबर को अमलेश्वर की ओर खारून नदी पुल से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी. इस दौरान अमलेश्वर की तरफ से आने वाले वाहन भाठागांव, काठाडीह और दतरेंगा मार्ग से निकल सकेंगे. वहीं, जीई रोड की ओर जाने वाले वाहनों को टाटीबंध तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग दिए गए हैं. शाम 7 बजे के बाद झांकी मार्ग पर आने वाले रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया जाएगा. झांकियां राठौर चौक से गुरुनानक चौक और एमजी रोड होकर शारदा चौक पहुंचेंगी. यहां टोकन प्रणाली लागू की गई है. टोकन लेने के बाद ही झांकियों को जयस्तंभ चौक की ओर बढ़ने दिया जाएगा. तात्यापारा चौक से आने वाली झांकियों को भी एक-एक कर व्यवस्थित तरीके से रूट में प्रवेश कराया जाएगा. एसएसपी डॉ. उमेद लाल सिंह ने बताया कि सभी छह सेक्टरों में पुलिस विभाग के बड़े अधिकारी तैनात रहेंगे. उनके अधीन टीआई और एसआई सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे. भीड़ में सादी वर्दी में पुलिस टीम भी तैनात रहेगी, जो संदिग्ध लोगों की पहचान कर कार्रवाई करेगी. झांकी मार्ग पर प्रतिबंधित सामान मिलने या नशे की हालत में पकड़े जाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी.

## अगर राजनेता हैं तो आपको मोटी चमड़ी रखनी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा तेलंगाना) की ओर से राज्य के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका में रेवंत रेड्डी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणियों के मामले को रद्द करने के तेलंगाना हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। 2024 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान रेवंत रेड्डी ने कहा था कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आती है तो वह आरक्षण समाप्त कर देगी।



कोर्ट ने खारिज की सीएम रेवंत के खिलाफ भाजपा की याचिका

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को यह कहते हुए मामले को खारिज कर दिया कि शीर्ष अदालत को राजनीतिक लड़ाई लड़ने के मंच में नहीं बदला जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की, यदि आप एक राजनेता हैं, तो आपके पास इन सब चीजों को सहने के लिए मोटी चमड़ी होनी चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा, %हम बार-बार कह रहे हैं कि इस अदालत का इस्तेमाल राजनीतिक लड़ाई के लिए न करें। खारिज। अगर आप एक राजनेता हैं, तो आपको मोटी चमड़ी रखनी चाहिए। भाजपा की तेलंगाना इकाई (जिसका प्रतिनिधित्व उसके महासचिव कर रहे थे) ने मई 2024 में रेड्डी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पार्टी के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ भाषण दिया था। दावा किया गया कि CM रेड्डी ने तेलंगाना कांग्रेस के साथ मिलकर एक फर्जी और संदिग्ध राजनीतिक कहानी गढ़ी कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह आरक्षण खत्म कर देगी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि कथित मानहानिकारक भाषण ने एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है।

## कैंसर को जड़ से खत्म करने वाली वैक्सीन तैयार

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। कैंसर जैसे जानलेवा रोग के खिलाफ लड़ाई में रूस को एक बड़ी वैज्ञानिक सफलता मिली है। रूसी वैज्ञानिकों ने एक अत्याधुनिक एमआरएनए आधारित वैक्सीन एंटरोमिक्स विकसित की है, जो शुरुआती ट्रायल में 100 प्रतिशत यानि पूरी तरह प्रभावी और सुरक्षित साबित हुई है। इस वैक्सीन को अब रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार है, जिसके बाद इसे आम जनता के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। यह वैक्सीन एंटरोमिक्स नाम से जानी जाती है और इसे एफएमबीए की ओर से तैयार की गई है। एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्कोर्त्सोवा ने ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम 2025 में इस वैक्सीन की घोषणा की।



ट्रायल में 100 प्रतिशत मरीज हुए ठीक

एंटरोमिक्स एक निजीकृत कैंसर वैक्सीन है, यानी इसे हर मरीज के कैंसर प्रकार और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के अनुरूप तैयार किया जाता है। यह एमआरएनए तकनीक पर आधारित है। यह वही तकनीक है जिसका सफल उपयोग पहले कोविड-19 वैक्सीन्स में हो चुका है। यह तकनीक शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करती है कि वह कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर उन्हें नष्ट कर सके।

## अमेरिका की धमकी: रूस से तेल खरीदने वालों पर लगाएंगे और सख्त पाबंदियां

**नई दिल्ली,** 6 सितम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट का कहना है कि यदि वाशिंगटन और यूरोपीय संघ रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों पर और अधिक द्वितीयक प्रतिबंध लगाते हैं तो इससे रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा सकती है। बेंसेंट ने एनबीसी न्यूज को रविवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन के साथ 'सार्थक% बातचीत की थी। इस दौरान अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा रूस पर और दबाव बनाने के संभावित उपायों पर चर्चा हुई। ट्रंप प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर पहले से लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त 25 प्रतिशत का और शुल्क लगा दिया है।



तबाह हो जाएगी रूसी अर्थव्यवस्था

इस प्रकार नई दिल्ली पर कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है, जो 27 अगस्त से प्रभावी हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका रूस पर दबाव बढ़ाने को तैयार है, ''लेकिन इसके लिए हमें अपने यूरोपीय साझेदारों का समर्थन चाहिए।%% बेंसेंट ने कहा, यह अब एक रेस बन गई है- एक तरफ यूक्रेनी सेना कितने समय तक टिक सकती है और दूसरी तरफ रूसी अर्थव्यवस्था कितने समय तक संभल सकती है। उन्होंने कहा, अगर अमेरिका और ईयू मिलकर प्रतिबंधों को और सख्त करते हैं और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक शुल्क लगाते हैं, तो रूसी अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी और इससे राष्टपति (व्लादिमीर) पुतिन वार्ता के लिए मजबूर होंगे। राष्टपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बात से बहुत निराशा हुई है कि भारत रूस से इतनी बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है।

शुक्रवार को ओवल ऑफिस में एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा, हमने भारत पर 50 प्रतिशत का बहुत बड़ा शुल्क लगाया है, यह बहुत अधिक शुल्क है। मेरी (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी से अच्छी बनती है, वह बेहतरीन हैं। वह कुछ महीने पहले यहां आए थे। ट्रंप से पूछा गया था कि क्या वह भारत के साथ संबंधों को नए सिरे से बेहतर करने को तैयार हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच संबंधों में बीते दो दशकों का सबसे खराब दौर देखा जा रहा है। ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने कहा है कि भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद यूक्रेन में जारी युद्ध में रूस को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है।